दिनांक 5 जुलाई 2022

भिलाई निगम क्षेत्र में आवारा पशुओं की हुई धरपकड़, 22 आवारा मवेशियों को पकड़कर भेजा गौठान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई, क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ की गई , साथ ही निगम का अमला पशुपालकों से रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों समझाईश दे रहे है कि वे अपने मवेशी के चारा , पानी सहित समुचित व्यवस्था स्वंय करें। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने गोधन को संरक्षित करने रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वंय करने , चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करने कहा है जिससे अनावश्यक घूमने वाले मवेशियों के चलते परेशानी न हो। भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमते हुए पाए जाने पर उन्हें पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। पकड़े हुए मवेशियों को शहरी गोठान में रखा जा रहा है और पशुमालिकों से अर्थदण्ड लेकर लौटाया जा रहा है, इसके बाद भी दोबारा पशुपालक के पशु आवारा की तरह सड़कों पर घूमते हुए पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा गोधन को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशु यातायात में बाधक बनकर दुर्घटना का कारण बनते हैं जिससे होने वाली दुर्घटना में पशुधन एवं जनधन दोनों की हानि होती है। निगम की अपील है कि इससे बचने के लिए पशुपालक अपने पालतू मवेशियों को सड़कों पर आवारा घूमने न दें। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए परमेश्वर चंद्राकर ने बताया कि दल ने मुख्य रूप से आकाश गंगा सब्जी मंडी , प्रियदर्शनी परिसर, नेहरू नगर चौक से डबरापारा चौक तक नेशनल हाईवे , नंदिनी रोड, छावनी चौक, कुरूद, अवंती बाई चौक, गदा चौक, सुपेला चौक का निरीक्षण कर आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई की। सड़क किनारे घूम रहे कई आवारा पशुओं की धरपकड़ अब तक की जा चुकी है , आज आकाश गंगा सब्जी मंडी से 22 आवारा पशुओं को पकड़ा गया। पकड़े गए गाय , बैल, भैंस, बछिया व अन्य पशुओं को निगम द्वारा संचालित शहरी गौठान में रखा गया है।